पत्रांक–01 / पी०एम०सी०(विविध)–597– / 2013–

**झारखण्ड सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

ई० सीता कान्त झा,
सरकार के संयुक्त सचिव (प्रबंधन)।

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक–..........................................

**विषयः–** **सुवर्णरेखा परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों अंचलों एवं प्रमण्डलों के कार्यों के पुनर्गठन आदेश में संशोधन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय अधिसूचना सं०–3086 दिनांक–12.06.2013 द्वारा सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के कार्यों को सुनियोजित कर त्वरित गति से योजना को पूर्ण करने के उद्देश्य से सुवर्णरेखा परियोजना अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्र, अंचलों एवं प्रमण्डलों के पुर्नगठन की स्वीकृति दी गयी थी। उक्त पुर्नगठन के पश्चात् कुछ कार्य में उत्पन्न हुई व्यवहारिक कठिनाईयों को दूर करने हेतु विभागीय पत्रांक–4221 दिनांक–27.07.2013 द्वारा शुद्धि पत्र निर्गत किया गया।

इस संबंध में प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना, जमशेदपुर के पत्रांक–1284 दिनांक–11.09.2013 द्वारा सुवर्णरेखा परियोजनान्तर्गत निम्नलिखित चार पुनर्गठित प्रमण्डलों के प्रशासनिक नियंत्रण में उत्पन्न कठिनाईयों के निराकरण से संबंधित प्रस्ताव पुनः प्राप्त हुआ।

प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में कार्यहित में उक्त पुनर्गठित प्रमण्डलों के प्रशासनिक नियंत्रण का निर्धारण निम्नवत किया जाता है :–

| क्र० | प्रमण्डल का नाम | वर्त्तमान प्रशासनिक नियंत्रण | प्रस्तावित प्रशासनिक नियंत्रण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | लघु वितरणी प्रमण्डल सं०–5 डिमना, जमशेदपुर | बराज अंचल, गालूडीह | सुवर्णरेखा बाँध अंचल, चांडिल | |
| 2 | सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला | सुवर्णरेखा बाँध अंचल, चांडिल | बराज अंचल, गालूडीह | |
| 3 | केन्द्रीय भण्डार एवं शिविर प्रमण्डल, चांडिल | सुवर्णरेखा बाँध अंचल, चांडिल | सुवर्णरेखा बाँध अंचल, चांडिल | कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया जाता है कि गैर तकनीकी कार्य वे अपर निदेशक, भू–अर्जन एवं पुनर्वास जमशेदपुर के प्रशासनिक नियंत्रण में करेंगे। |
| 4 | लघु वितरणी प्रमण्डल सं०–2, चांडिल शिविर डिमना, जमशेदपुर | बाँध अंचल ईचा, चालियामा | बाँध अंचल ईचा चालियामा | –वही– |

इस प्रस्ताव पर सचिव, जल संसाधन विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह० / –

**(सीता कान्त झा)**

सरकार के संयुक्त सचिव (प्र०)

C:\Users\user\Desktop\1_PMC_597-13.doc

ज्ञापांक—                                                    राँची, दिनांक—

**प्रतिलिपिः**— अधीक्षक , राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को झारखण्ड के राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह०/—
(सीता कान्त झा)
सरकार के संयुक्त सचिव (प्र०)

ज्ञापांक—                                                    राँची, दिनांक—

**प्रतिलिपिः**— संबंधित कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
(सीता कान्त झा)
सरकार के संयुक्त सचिव (प्र०)

ज्ञापांक—                                                    राँची, दिनांक—

**प्रतिलिपिः**— माननीया विभागीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची के आप्त सचिव (दो प्रतियों में)/सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची/अभियंता प्रमुख—1 एवं 2, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची/मुख्य अभियंता, ईचा गालूडीह/मुख्य अभियंता, चांडिल/अधीक्षण अभियंता, सुवर्णरेखा बाँध अंचल, ईचा चालियामा/अधीक्षण अभियंता, बराज अंचल, गालूडीह/अधीक्षण अभियंता, बाँध अंचल, ईचा चालियामा/अपर निदेशक, भू—अर्जन एवं पुनर्वास, जमशेदपुर/कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमण्डल सं०—05, डिमना जमशेदपुर/कार्यपालक अभियंता, लघु वितरणी प्रमण्डल सं०—2, चांडिल शिविर डिमना जमशेदपुर/कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला/कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भण्डार एवं शिविर प्रमण्डल, चांडिल/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव सचिव प्रशाखा—01,02,03,05,07,08 एवं 14 जल संसाधन विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
(सीता कान्त झा)
सरकार के संयुक्त सचिव (प्र०)

ज्ञापांक— 7293                                                    राँची, दिनांक— 4-12-13

**प्रतिलिपिः**— वेब इन्फारमेशन मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड राँची को विभागय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4/12/13

(सीता कान्त झा)
सरकार के संयुक्त सचिव (प्र०)

C:\Users\user\Desktop\1_PMC_597-13 doc